उपविजेता बनीं।

लखनऊ। प्रोफेसर सपना वर्मा, प्राचार्या, नारी शिक्षा निकेतन और श्री ए.के सक्सेना, महासचिव, यूपी नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के मध्य मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। स्वदेशी परंपरागत खेलों को बढ़ावा दिए जाने से संबंधित इस ऐम. ओ.यू का उद्देश्य छात्राओं में मानसिक और शारीरिक विकास करना है।ये परंपरागत खेल जैसे सेवन- स्टोन ,कैरम, शतरंज, लूडो, गेंद- ताड़ी, गुट्टक, गुल्ली -डंडा ,रूमाल झपट्टा, सतोलिया, घोड़ा जमाल खाए, लट्टू हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए हैं, परंतु आज के ग्लैमर युग में विलुप्त होते जा रहे है। प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि इन खेलों को आयोजित कराने का उद्देश्य नई पीढ़ी का मोबाइल और ऑनलाइन गेम से ध्यान हटाना है, ताकि उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत ना बिगड़े। साथ ही बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के साथ-साथ अन्य खेलों का भी प्रशिक्षण दिया जा सके।आगामी दिसंबर 2023 में इन खेलों की अंतर महाविद्यालयीय चैंपियनशिप लखनऊ में कराई जाएगी। इस अवसर पर प्रोफेसर रुचि सक्सैना, प्रोफेसर ममता डोगरा और श्री राघवेंद्र मिश्र जी उपस्थित रहे।